हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 6 अक्टूबर 2024

तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 मां डोंगर देवी मंदिर में 681 मनोकामना ज्योत...



12 डॉ. डहरिया ने भंडारा कांग्रेस की ली...





# बेमेतरा पुलिस पर 100 लोगों को फर्जी मामलें में फंसाने का आरोप

## छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

बेमेतरा पुलिस द्वारा 100 निर्दोष लोगों पर झुठा प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई करने के मामले को लेकर छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ बलौदाबाजार ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, पुलिस महानिदेशक के नाम एसडीएम सिमगा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि बेमेतरा जिला पुलिस द्वारा पक्षपातपूर्ण और दमनकारी प्रभाव में आकर बिना जांच किए 100 से अधिक लोगों पर हत्या के प्रयास करने का झूठा प्रकरण दर्ज कर निर्दोषों पर की जा रही कार्रवाई को रद्द करें। साथ ही घटना की उच्च स्तरीय व सूक्ष्म जांच कर झूठे मुकदमे का खात्मा करें। बेमेतरा पुलिस प्रशासन के इस अनैतिक, दमनात्मक व दबाव की कार्यवाही से क्षेत्र के लोगों व आमजन के मन में असंतोष व रोष व्याप्त है, जो समय पर ध्यान न देने से कभी भी उग्र हो सकता है। क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यदु ने बताया कि 16 सितंबर को बेमेतरा निवासी 22 वर्षीय हर्षित सलूजा ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह अपने 4 अन्य साथियों के साथ कार से जा रहा था। इस दौरान सूर्या सिंह चौहान और उसके 100 से अधिक साथियों ने बिना किसी पूर्व जान–पहचान दुश्मनी, लड़ाई-झगड़े के एक ईंट के तुकड़े से कार के शीशे पर वार किया। जिससे कार के सामने का शीशा टूट गया। ▶▶ शेष पेज 11 पर



### बिना सर्च वारंट के देर रात घरों में घुसकर ली तलाशी

हर्षित सलूजा को आंख के ऊपर और कोहनी में खरोच आई है। जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर भा.न्या.सं.का धारा 109 , 126(2) ,191(2), 324(4) के तहत हत्या की नियत से प्राणघातक हमला कर जान लेने का प्रयास का जुर्म दर्ज कर ताबातोड गिरफ्तारी के लिये पुलिस की 7 स्पेशल टीम बनाकर लोगों के घरों में बिना सर्च वारंट के बिना किसी सूचना दिए देर रात घरों में घुसकर, खोजबीन – तलाशी की। जोहार छग पार्टी के चंद्रकांत यदु ने कहा कि एक ईंट के टुकडे से अनजान व्यक्ति के कार पर फेक देने से शीशा टुटने पर खरोच आने मात्र पर 100 से अधिक लोगों पर हत्या का जुर्म दर्ज करना बेमेतरा पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, थाना निरीक्षक, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के प्रभाव व दबाव में आकर बिना जांच व मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार किये गलत धाराएं लगा कर बेगुनाह व निर्दोष लोगों व उनके परिवार व छोटे बच्चों को शारीरिक, मानसिक प्रताड़ित करने का कार्य लगातार किया जा रहा है।

## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्जवलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम्।

सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्।।

## तीन सूत्रीय मांगों को लेकर निकाला जुलूस और कंपनी के समक्ष दिया धरना

# सीमेंट संयंत्र के खिलाफ एटक का आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान



सीमेंट एवं खदान श्रमिक यूनियन एटक द्वारा तीन सूत्रीय मांगों को लेकर विशाल जुलूस एटक कार्यालय से निकाला गया, जो भ्रमण करते हुए अंबुजा सीमेंट लिमिटेड भाटापारा इकाई के मेन गेट में एकत्र होकर धरना दिए। अपने मांगों के लेकर मजदूरों ने जमकर नारेबाजी की तत्पश्चात जुलूस पुनः एटक कार्यालय में आमसभा में परिवर्तित हुआ। आमसभा में यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष राजूलाल श्रेष्ठ ने कहा कि प्रबंधन यूनियन की मांगों का निराकरण करने के बजाय टालमटोल कर रहा हैं।

वर्तमान में यहां पर निर्णय लेने के लिए कोई अधिकारी उपस्थित नहीं है। इसलिए सभी श्रमिकों को एकजुट होकर जन आंदोलनं की तैयारी करनी होगी। श्रेष्ठ ने कहा कि पिछले वर्ष प्रबंधन और यूनियन के बीच सहमति हुई थी कि सी पुल में कार्यरत ठेका श्रमिकों का 1 अप्रैल से वेतन वृद्धि की जायेगी, पर अब तक नहीं किया गया है।

इसी तरह रेगुलर श्रमिकों के लेकर एग्रीमेंट करने में प्रबंधन टालमटोल कर रहा है। लोकल एग्रीमेंट में श्रमिकों का वर्तमान में मिलने वाली बिजली छूट की सीमा जो 200 यूनिट प्रतिमाह हैं उसे बढ़ाकर 300 यूनिट किया जाये। वर्तमान का प्रमोशन, स्पेशल इंक्रीमेंट पालिसी में परिवर्तन किया जाये तथा रिटायरमेंट होने के पश्चात कर्मचारियों को अपने निवास जाने के लिए शिफ्टिंग एलाइंस के रूप में 21000 मिलता है उसे बढ़ाकर 40,000 किया जाये तथा रिटायरमेंट गिफ्ट को 5000 से बढ़ाकर 10,000 रुपए किया जाए। स्कूल फीस में पूर्व में मिलने वाली छूट पर 20 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जाए। श्रेष्ठ ने कहा कि ठेका श्रमिकों की हालत बद से बदतर होते जा रही है।

इन्ही सभी विषयों पर हम सबको अपने मतभेद भुलाकर एकता कायम करनी होगी। वार्षिक बोनस दीपावली के पूर्व भुगतान किया जाये एवं सभी ठेका श्रमिकों को भी बोनस में वृद्धि की जाये, उन्हें भी एक साथ दीपावली के पूर्व बोनस का भुगतान किया जाये।

### संयंत्रों में स्थानीय युवाओं को मिले नौकरी

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ सरकार के उद्योग वाणिज्य और श्रम मंत्री डॉ. लखन लाल देवांगन से भाजपा प्र.का.स. टेसूलाल धुरंधर, भाजपा विधि प्रकोष्ठ प्र.का.स. धनंजय साहू पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव एवं भाजयुमो नेता प्रणव अवस्थी ने रायपुर निवास में सौजन्य मुलाकात की। चर्चा के दौरान मंत्री डॉ. लखनलाल देवांगन ने बताया कि पिछली कांग्रेस की सरकार उद्योग नीति में पूरी तरह विफल थी। छत्तीसगढ़ में सही उद्योग नीति नहीं बनी, मगर अब भाजपा सरकार 1 नवंबर को नई उद्योग नीति लागू कर रही है, जिससे छत्तीसगढ़ वासियों को फायदा होगा। स्थानीय बेरोजगार युवकों को काम मिलेगा। सिंगल विंडो के जरिये भी उद्योग विभाग काम कर रहा है। हर क्षेत्र में बेहतर काम किया जा रहा है। मंत्री से भाजपा नेताओं ने बलौदाबाजार अंचल स्थित विभिन्न सीमेंट कंपनियों में स्थानीय बेरोजगार युवकों को रोजगार में प्राथमिकता दिए जाने एवं जिन्होंने कंपनियों में अपनी जमीन दी है उन्हें प्राथमिकता देने की बात कही, मंत्री ने नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

- भाजपा सदस्यों ने श्रम मंत्री डॉ. लखनलाल देवांगन से मुलाकात में रखी कई मांगे

## सांसद कमलेश जांगड़े ने किया तहसील और उप पंजीयक कार्यालय का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर भटगांव में लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में तहसील और उप पंजीयक कार्यालय भवन का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि सारंगढ़-झारसुगड़ा रेलवे लाइन के संबंध में मैने रेल मंत्री से मुलाकात कर इस कार्य को पूरा करने के लिए बोली हूं। उन्होंने जिले के प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारियों कर्मचारियों को कहा कि जिले के नागरिकों के कार्य को शीघ्र करें। नागरिकों को दो दिन बाद आना कहकर घुमाने का कार्य नहीं किया जाना है। बिलाईगढ़ विधायक कविता लहरे ने सारंगढ़ झारसुगड़ा और जिले के लिए फोर लेन की मांग की। वरिष्ठ प्रतिनिधि सुभाष जालान ने कहा कि दोनों कार्यालय के खुलने से स्थानीय नागरिकों को सुविधा मिलेगी। वहीं सांसद कमलेश जांगड़े से स्थानीय पत्रकारों ने पत्रकार भवन को सर्वसुविधा युक्त बनाने आवेदन दिया, जिस पर सांसद व विधायक कविता लहरे ने पांच-पांच लाख देने का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप

### 7 लीटर महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** बसना थाना पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों से अवैध शराब के साथ दो लोगो को पकड़ा है। पुलिस ने बताया है कि गढ़फुलझर से ग्राम बडेडाभा जाने के मार्ग से आरोपी मुनीराम रात्रे पिता ध्यानिक रात्रे (55 साल) बडे डाभा के कब्जे से 3 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है एवं आरोपी पूर्णचंद यादव पिता शुकलाल यादव (56 साल) लमकेनी से 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 800 रुपए को जब्त कर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### हर्राटार में महिला के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज



**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम हर्राटार में महिला के साथ मारपीट के आरोप में पति और सास-ससुर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। ग्राम हर्राटार निवासी जशोदा सिदार (19) ने पुलिस को बताया कि 10 मई 2024 को उसकी शादी अजय सिदार के साथ हुई है। शादी के बाद पति अजय सिदार परिवारिक बातों को लेकर झगड़ा विवाद करने लगा। 3 अक्टूबर 2024 को पारिवारिक बातों को लेकर पति, सास, ससुर ने महिला के साथ मारपीट और झगड़ा विवाद किया। वर्तमान में वह गर्भवती है मारपीट के दौरान लात से मारने से पेट में चोट लगी है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में आरोपी अजय सिदार, दिलीप सिदार और रूकमणि सिदार के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

## माध्यमिक स्कूल में हुई ड्राइंग निबंध व क्विज प्रतियोगिता



**खरोरा।** विकासखंड तिल्दा-नेवरा, संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में भारतीय सैनिकों के संदर्भ में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं ने ड्राइंग, निबंध, क्विज एवं डिबेट प्रतियोगिता आदि में उत्साह पूर्वक भाग लिए। ड्राइंग में कक्षा आठवीं की छात्रा चेतना बंजारे एवं भारती वर्मा ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में सातवीं के छात्र शिवम, आदित्य एवं सत्यम आदि छात्रों ने भाग लिए। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा, तारकेश्वर कुमार धीवर, प्रधान पाठक एस के देवांगन के द्वारा मार्गदर्शन एवं पुरस्कार भी वितरण किया गया।

## पूर्व सीएम भूपेश का कामता के ग्रामीणों ने किया जोशीला स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दोपहर अपने सुहेला प्रवास के दौरान ग्राम कामता में कुछ देर के लिए रूके, जहां विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने उनका आतिशबाजी के साथ आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान भूपेश बघेल ने रामायण चौक स्थित सार्वजनिक दुर्गा पंडाल में जाकर मां दुर्गा का पूजन कर आशीर्वाद लिया। उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव के सभी किसान इस बार समर्थन मुल्य में धान खरीदी के लिए सहकारी समिति में 2100 का पंजीयन कराएं। उक्त अवसर पर भाटापारा विधायक इंद्र साव, श्यामलाल देवांगन, दशरथ चंद्राकर, गणेश गोस्वामी, छविराम साहू, चंद्रशेखर गोलू, सुनीता यादव, शाहिदा बेगम, सुखदेव पुरी गोस्वामी, कलाराम ध्रुव, राजेंद्र साहू, धरम वर्मा, संतोष साहू, प्रभु यादव, महेंद्र साहू, रामू यादव, सत्यजीत शेंडे, ईश्वर सिंह ठाकुर, रामानंद निषाद सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



## नगर में बसपा की आत्मसम्मान एवं स्वाभिमान यात्रा का आगमन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर में बसपा की आत्मसम्मान एवं स्वाभिमान यात्रा का आगमन आज होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामजी गौतम केंद्रीय कोऑर्डिनेटर एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी होंगे। साथी ही प्रदेश के सभी प्रभारीकरण विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम टंडन प्रदेश अध्यक्ष बसपा छत्तीसगढ़ करेंगे। यह यात्रा 7 अक्टूबर को भाटापारा होते हुए बेमेतरा जिला में प्रवेश करेगी।

बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पात्रे ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ में हो रहे हैं अन्याय अत्याचार के विरोध उठाते आ रही है। इसी तरह अनुसूचित जाति जनजाति के अधिकारों के हनन करते हुए 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट द्वारा उप वर्गीकरण एवं क्रिमी लेयर लागू किए जाने के निर्णय के विरोध में तथा बलौदाबाजार में सतनामी समाज द्वारा न्यायिक मांग के लिए किए किए गए शांति पूर्ण धरना आंदोलन के दौरान कुछ सामाजिक तत्वों द्वारा षडयंत्र पूर्वक घटना कारित किए जाने के पश्चात लगभग 185 निर्दोष लोगों को छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जेलों में बंद किए गए हैं।

जिनकी निःशर्त रिहाई के लिए 24 सितंबर को शहीद वीर नारायण सिंह की धरती सोनाखान से आत्म सम्मान एवं स्वाभिमान यात्रा की शुरूआत की गई और छत्तीसगढ़ के लगभग सभी विधानसभा में भ्रमण करते हुए एवं जन जागरण करते हुए बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक साहब कांशीराम के महापरिनिर्वाण दिवस पर साइंस कॉलेज रायपुर के आडोटोरियम स्टेडियम में एक सभा के रूप में तब्दील होगी।

## जुआरियों के लिए चाय नास्ता की व्यवस्था की जाती है

# थाना क्षेत्र में जुआ का कारोबार जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



स्थानीय थाने के अंतर्गत ग्राम मोहतरा एवं गिरौदपुरी चौकी क्षेत्र के जंगल में ग्राम गिंदोला, खिसोड़ा के आसपास एवं नया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के बिलाईगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भंडोरा एवं सलिहा थाना क्षेत्र के झरनी के जंगलों में जुआ का कारोबार धडल्ले से चल रहा है। यहां जुआ खिलाने वाले का हौसला बुलंद है, क्योंकि जुआ खिलाने वाले तीन व्यक्ति है, जिसमें एक ग्राम कैथा थाना बिलाईगढ़ निवासी है और दूसरा शिवरीनारायण जिला जांजगीर चाम्पा निवासी और तीसरे ग्राम झरनी हाल मडवा है। यहां बडे पैमाने पर में जुआ का फड चलाया जा रहा है और ग्राम मोहतरा में भी जुआ का कारोबार फल फुल रहा है। यहां जुआरियों से पांच-पांच सौ रुपये एंट्री फीस जुआ खिलाने वालों द्वारा ली जाता है और जुआरियों के लिए चाय नास्ता की व्यवस्था महफिल में रहती है। इसकी शिकायत ग्राम मोहतरा थाना गिधौरी टुण्ड्रा के लगभग 30, 40 लोगों ने कलेक्टर जनदर्शन, पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कसडोल को दी है, लेकिन आज तक ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पाई है।

## आवास हितग्राहियों को दिया स्वीकृति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



ग्राम पंचायत वटगन में 50 आवास हितग्राहियों को स्वीकृत पत्र दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम पंचायत वटगन में 50 हितग्राहियों को शासन के निर्देश अनुसार आवास निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने पंचायत भवन में सभी हितग्राहियों को बुलाकर शान द्वारा निर्धारित रूपरेखा अनुसार 267 वर्ग फीट में भवन का निर्माण करना है। इसमें शासन के सभी निर्देशों का पालन भवन को निर्माण करेंगे। भवन को 90 दिनों के अंदर पूर्ण करने कहा गया तथा हितग्राही को स्वीकृत पत्र भी दिया गया। इस अवसर पर सरपंच कुमारी बाई वर्मा, उपसरपंच उमेश यादव, सचिव तेजराम प्रजापति, हितग्राही सहित सत्यम महिला समूह के सभी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## पंवार क्षत्रिय समाज का चुनाव 20 को

**रायपुर।** पंवार क्षत्रिय समाज संगठन की आगामी त्रिवार्षिक 2024-27 नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव होगा। समाज के वर्तमान अध्यक्ष डॉ. रमेश रहांगडाले के मुताबिक, चंगोराभाठा स्थित पंवार क्षत्रिय सभा भवन में 20 अक्टूबर रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। शाम 5 बजे के बाद मतगणना शुरू होगी। नामांकन प्रपत्र एवं नाम वापसी संबंधी प्रपत्र संगठन के कार्यालय से 8 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लिए जा सकेंगे। सभी सदस्यों को पहचान पत्र के साथ मतदान के लिए आने का आग्रह किया गया है।

## संत गुलाब बाबा की पालकी यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



**रायपुर।** संत गुलाब बाबा फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा टैगोर नगर स्थित शिव पार्वती मंदिर में संत गुलाब बाबा भक्त मंडल रायपुर के तत्वावधान में 16वीं वर्षगांठ एवं पालकी यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महाराष्ट्र के मुंबई, नासिक, नागपुर, टाकरखेड़, मध्यप्रदेश से सागर, दमोह, हट्टा, जबलपुर, भोपाल और सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ से गुलाब बाबा के भक्त एकत्रित हुए और सभी श्रद्धालुओं ने पालकी यात्रा के दर्शन किए व भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान 50 से अधिक कलाकारों ने राउत नाचा व पंथी नाचा की रंगारंग प्रस्तुति दी। 3 अक्टूबर की शाम से शुरू हुए इस कार्यक्रम में वैष्णव महाराज ऋत्विज ने भजन प्रस्तुत किए। गुलाब बाबा ट्रस्ट के प्रबंध ट्रस्टी ने बताया कि प्रातः 6.32 से पं. पुरुषोत्तम डोंगरे ने दुग्धाभिषेक व पूजा प्रारंभ की, तत्पश्चात 10.32 बजे महाआरती के साथ 4 घोड़े व 2 ऊंट के 3 रथों में पालकी यात्रा की शुरुआत हुई, जो टैगोरनगर स्थित मंदिर से शुरू हुई व बूढ़ी माई चौक होते हुए शैलेंद्र नगर के बाद कटोरा तालाब मुख्य मार्ग होते हुए वापस टैगोरनगर स्थित मंदिर में पुनः महाआरती के साथ समाप्त हुई।

## एक हजार महिलाओं के साथ सावित्री वापस भाजपा में

**रायपुर।** एकात्म परिसर में रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रायपुर जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल, पूर्व सांसद सुनील सोनी और अशोक बजाज सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में उत्कल समाज की सावित्री जगत ने शुक्रवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सावित्री जगत के नेतृत्व में 1 हजार की संख्या में महिलाओं ने भी भाजपा का दामन थामा।

## नक्सली हमले में घायल जवानों से मिलने पहुंचे डिप्टी सीएम

**रायपुर।** नक्सलियों से मुठभेड़ में घायल डीआरजी के जवान रामचंद्र यादव से मिलने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शुक्रवार देर रात राजधानी के श्री नारायणा अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घायल जवान से उनका हालचाल जाना तथा घटना की जानकारी भी ली।उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मुठभेड़ में 28 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं, सर्चिंग ऑपरेशन अभी भी जारी है। नक्सलियों से कहना चाहता हूं कि सभी को घर पर वापस आना चाहिए। छत्तीसगढ़ की सरकार अच्छी सरेंडर पालिसी के साथ सामने आ रही है, मुख्य धारा पर सभी लौटें।

## आदिम जाति तथा अजा विकास विभाग के उपायुक्त निलंबित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के उपायुक्त प्रज्ञान सेठ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई उनके द्वारा प्रदेश के प्रयास आवासीय विद्यालयों के अध्यापन के लिए चयनित कोचिंग संस्थाओं की प्रक्रिया को पूर्ण नहीं करने और विभागीय योजनाओं के पर्यवेक्षण में लापरवाही के आरोपों के चलते की गई है। छात्रों और अभिभावकों द्वारा कोचिंग संस्थानों की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें मिल रही थीं।

# शहर में खुलेंगी और 55 नई राशन दुकानें, हितग्राहियों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

राजधानी रायपुर में राशन कार्ड धारकों को बिना किसी परेशानी के आसानी से खाद्यान्न मिल सके, इसके लिए खाद्य विभाग 55 और नई दुकानें खोलने जा रहा है। इन दुकानों को खोलने के पीछे विभाग की मंशा है कि प्रत्येक दुकान में पंजीकृत कार्ड धारकों की संख्या 5 सौ से अधिक न हो। शहर में संचालित ऐसी कई दुकानें हैं, जहां अभी भी एक हजार से अधिक पंजीकृत कार्ड धारक हैं। इसके कारण इन दुकानों में अभी भी हितग्राहियों की भीड़ लग रही है। इसे देखते हुए विभाग अब 55 और नई दुकानें खोलने जा रहा है, ताकि दुकानों में पंजीकृत कार्ड धारकों की संख्या का अनुपात बराबर रहे।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार नगर निगम रायपुर क्षेत्र में 55 नई राशन दुकान खोलने के लिए अनुमोदन प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी है। इसके साथ ही अब जल्द ही इन दुकानों को आबंटन के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगाए जाएंगे। आवेदन देने के लिए निर्धारित अवधि तय की जाएगी। तय अवधि के दौरान आवेदनों के दस्तावेजों का परीक्षण के बाद दुकानें आबंटित की जाएंगी। नई दुकानें कौन-कौन से वार्ड में खुलेंगी, इसका भी निर्धारण कर लिया गया है। इसके तहत 29 वार्डों में ये दुकानें खोली जानी हैं।

### विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगाए जाएंगे

**पहले से 228 दुकान संचालित**

शहर में पहले से 228 राशन दुकानें संचालित है। इनमें से 98 दुकानों को पिछले वर्ष जुलाई माह में खोला गया था। अब और 55 नई दुकानें खुलने के बाद इसकी संख्या 283 पहुंच जाएगी।



**नई दुकानों के प्रस्ताव को मंजूरी**

कलेक्टर की मंशा है कि हितग्राहियों को राशन लेने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखकर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में 55 नई राशन दुकान खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इन दुकानों के लिए आवेदन जल्द मंगाए जाएंगे।
- भूपेंद्र मिश्रा, जिला खाद्य नियंत्रक

नई दुकानें इन वार्डों में खुलेंगी

| वार्ड क्र. | संख्या | वार्ड क्र. | संख्या |
|---|---|---|---|
| 2 | 2 | 42 | 4 |
| 4 | 1 | 43 | 1 |
| 5 | 1 | 44 | 1 |
| 7 | 2 | 46 | 3 |
| 13 | 1 | 47 | 1 |
| 16 | 4 | 50 | 2 |
| 17 | 2 | 52 | 2 |
| 18 | 2 | 55 | 1 |
| 20 | 1 | 60 | 2 |
| 30 | 1 | 61 | 4 |
| 27 | 1 | 64 | 2 |
| 32 | 2 | 65 | 1 |
| 36 | 2 | 66 | 2 |
| | | 67 | 2 |
| | | 68 | 2 |
| | | 69 | 2 |

## महापौर से मांगा जवाब, प्रश्नकाल के पहले गरमाया माहौल

# सामान्य सभा में हंगामा, लाइट मेट्रो पर गरमाया सदन, सभापति के डायस पर चढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम की सामान्य सभा में लाइट मेट्रो ट्रेन को लेकर जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने आधे घंटे तक सदन में नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन कर सदन की कार्यवाही बाधित की। पार्षद अमर बंसल लाइट मेट्रो रेल का कटआउट लेकर सदन पहुंचे और आसंदी के सामने नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे सहित अन्य भाजपा पार्षदों के साथ नारेबाजी की। इसके कारण प्रश्नकाल 45 मिनट देर से शुरू हुआ। सामान्य सभा की बैठक शुरू होते ही महापौर के मास्को दौरे पर लाइट मेट्रो ट्रेन के एमओयू का मुद्दा जोर-शोर से उठा। आधा दर्जन भाजपा पार्षद डायस पर चढ़कर सभापति को घेरकर नारे लगाने लगे। सदन की कार्यवाही बाधित होते देख सभापति प्रमोद दुबे ने 10 मिनट के लिए सदन कार्यवाही स्थगित कर दी और सदन की कार्यवाही बाधित करने के लिए पार्षद अमर बंसल, मृत्युंजय दुबे, दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू सहित आधा दर्जन भाजपा पार्षदों को 10 मिनट के लिए सदन से निलंबित कर दिया।

- सभापति ने 4 भाजपा पार्षदों को 10 मिनट के लिए सदन से किया निलंबित





### मृत्युंजय ने पूछा सवाल

*प्रश्नकाल में मृत्युंजय दुबे का प्रश्न रहा, महापौर के कार्यकाल में किन-किन वार्डों में महापौर निधि के कितने कार्य हुए?*

*एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा ने जवाब दिया 2021 से लेकर अब तक अलग-अलग वार्ड में 91 कार्य स्वीकृत हुए। इसके लिए 9 करोड़ 47 लाख रुपए आवंटित किये गये हैं।*

*सामान्य सभा के दौरान नगर निगम के अधिकारी अपने मोबाइल पर ताशपत्ती और कैंडी क्रश गेम खेलते पाये गये। सदन को इसकी जानकारी मिलने पर सभापति प्रमोद दुबे ने संबंधित अधिकारियों को ताकीद करते हुए कहा, अपने पद की गरिमा का ध्यान रखें।*

### नामकरण और जातिप्रमाणपत्र के प्रस्ताव पारित

*सामान्य सभा में नामकरण और जाति प्रमाणपत्र संबंधी 17 प्रस्तावों को चर्चा के बाद सर्व सम्मति से मंजूरी दी गई। इनमें गुढ़ियारी तिलक नगर स्थित सियान सदन का नामकरण वरिष्ठ समाज सेवक स्वर्गीय डॉ. केशव सिंह ठाकुर के नाम पर करने, आक्सीजोन उद्यान का नामकरण पूर्व मंत्री व पूर्व महापौर तरुण चटर्जी के नाम पर करने सहित अन्य प्रस्ताव शामिल रहे।*

### 7 तक के लिए बैठक स्थगित, प्रतिकृति के साथ स्मृति चिन्ह



नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 7 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है। 22 एजेंडों पर चर्चा के बाद सभापति प्रमोद दुबे ने आसंदी से महापौर एजाज ढेबर एवं नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे से चर्चा कर सहमति के बाद सभा स्थगित करने की घोषणा की है। इससे पूर्व गांधी सदन में महात्मा गांधी सदन के भूतल पर नगर निगम के 70 वार्ड के पार्षदों की परिषद के कार्यकाल की स्मृति संजोने ग्रुप फोटोग्राफी कराई गई। शहरी सरकार के कार्यकाल की अंतिम सभा के दौरान पार्षदों को महात्मा गांधी सदन की प्रतिकृति स्मृति चिन्ह के रूप में सम्मान पूर्व प्रदान की गई। सोमवपर को प्रातः 11 बजे गांधी सदन के सामान्य सभागार में स्थगित सामान्य सभा की बैठक होगी, जिसमें कांजी हाउस स्थित भूतल की दुकान का लीज नवीनीकरण, निगम मुख्यालय के पास पटवारी प्रशिक्षण कार्यालय के सामने निर्मित 3 दुकानों के आवंटन और खम्हारडीह में नई पानी टंकी निर्माण के एजेंडे पर चर्चा होगी।

### दुकानों की प्रीमियम राशि आवंटन का एजेंडा गिरा

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को शास्त्री बाजार परिसर की 84 दुकानों के आवंटन के बाद प्रीमियम राशि देने का एजेंडा चौतरफा विरोध के कारण सदन में गिर गया। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा, शास्त्री बाजार की जमीन नगर निगम की है, तो हम स्मार्ट सिटी को दुकानों की प्रीमियम की राशि क्यों दें? उन्होंने पूछा कि अचल संपत्ति अंतरण नियम क्या है? यदि शास्त्री बाजार के प्रापर्टी का टेंडर स्मार्ट सिटी निकालेगा, तो निगम क्या करेगा?
मीनल चौबे ने साइंस कालेज की चौपाटी की दुकानों के टेंडर का मामला उठाया। उनका कहना था कि अनुबंधित एजेंसी 3 लाख 50 हजार किराया के बदले में नगर निगम को केवल 1 लाख 60 हजार रुपये दे रही है, यह गलत है।
पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर ने कहा कि सदन में पहली बार स्मार्ट सिटी का विषय आया है। शास्त्री बाजार की दुकानों के टेंडर के बिंदु क्या थे, नगर निगम के आधिपत्य की जमीन पर स्मार्ट सिटी ने कौन से नियम व शर्तो के तहत निर्माण कराया है?

## फूड कैफे में बिहार, झारखंड, ओडिशा के बच्चों से मजदूरी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



तेलीबांधा थाने की पुलिस ने बचपन बचाओ आंदोलन की शिकायत पर मरीन ड्राइव स्थित संचालित दो कैफे में बच्चों से जोखिम भरा काम करवाने के कारण अपराध दर्ज किया है। बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण सिमिति के सुपुर्द किया गया है। पुलिस के मुताबिक बचपन बचाओ आंदोलन के राज्य समन्वयक विपिन ठाकुर की शिकायत पर बिहार, झारखंड तथा ओडिशा के चार बच्चों को रेस्क्यू किया गया है। रेस्क्यू किए गए बच्चों की उम्र 16 तथा 17 साल है। पुलिस के अनुसार पाव डोसा कैफे (बड़ा पाव) तथा सिप एंड बाइट रेस्टोरेंट में छापे की कार्रवाई की गई। दोनों कैफे के संचालक अवनीश गंगवानी तथा विशाल बागवानी हैं, के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। कैफे संचालकों पर बच्चों को गर्म भट्ठी में काम करवाने का आरोप है। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि उन्हें किसी कैलाश काटा नाम के व्यक्ति ने अच्छी सैलेरी दिलाने का झांसा देकर कैफे में नौकरी लगवाया था। बच्चों के अनुसार उन्हें जितनी सैलेरी देने करार किया गया था, कैफे संचालक उन्हें कम सैलेरी देकर अपने यहां काम करवा रहे थे। बाल कल्याण समिति बच्चों के परिजनों से संपर्क कर उनके सुपुर्द करने की बात कह रही है।

- ज्यादा वेतन देने का लालच देकर कम वेतन देने का आरोप

## मल्टीलेवल पार्किंग के ऊपरी तल पर बनेगा 1000 सीटर आईटी टावर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



राजधानी के कलेक्टोरेट पार्किंग के ऊपरी तल पर बीपीओ सेंटर और को-वर्किंग सेंटर को मिलाते हुए 1000 सीटर आईटी टावर बनेगा। इसके लिए नगर निगम ने निविदा बुलाकर कार्य शुरू कर दिया है। इस टावर के बनने से स्टार्टअप में दिलचस्पी रखने वाले युवाओं को एक छत के नीचे अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा। प्रदेश के नव उद्यमी युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में खुद का रोजगार स्थापित करने 1000 सीटर का आईटी इनोवेशन टावर बनाया जायेगा। इसमें करीब डेढ़ करोड़ खर्च होगा। इसके संचालन के लिए एजेंसी तय करने जल्द टेंडर किया जाएगा। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि नवाचार के माध्यम से स्टार्ट अप में रुचि रखने वाले युवा एक साथ बैठकर अपना कॅरियर संवार सकेंगे। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने स्थल निरीक्षण कर आईटी इनोवेशन टावर का कार्य प्राथमिकता के साथ पूरा करने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस दौरान नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, सहायक अभियंता सोहन गुप्ता उपस्थित रहे।

- स्टार्टअप में दिलचस्पी लेने वाले युवाओं को मिलेगा लाभ

## रोहित यादव ने संभाला पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष का पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के नए अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने शुक्रवार को विद्युत सेवा भवन में पदभार संभाल लिया। उन्हें ऊर्जा विभाग के सचिव का भी जिम्मा दिया गया है। वे हाल ही में प्रधानमंत्री कार्यालय से प्रतिनियुक्ति से लौटे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए छत्तीसगढ़ को ऊर्जा के क्षेत्र में देश में अग्रणी राज्य बनाने की बात कही।

डॉ. यादव ने कहा, छत्तीसगढ़ को पॉवर सरप्लस स्टेट के रूप में पूरे देश में पहचाना जाता है। केंद्र सरकार में ऊर्जा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की किसी भी बात का वजन होता है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में ऊर्जा के क्षेत्र में हमने बहुत सारा काम कर लिया है और आगे बहुत सारा काम करना है क्योंकि भविष्य में ऊर्जा की मांग पूरे देश ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ में भी बड़े स्तर पर बढ़ने वाली है इसलिए बड़े स्तर पर विस्तार की कार्ययोजना पर काम चल रहा है चाहे वह थर्मल प्लांट हो या फिर हाइडल का हो या रिन्यूबल एनर्जी की हो। भारत सरकार बहुत ज्यादा उत्सुक है कि हम अपने राज्य में नई तकनीकों को लेकर आएं और ऊर्जा उत्पादन बढ़ाएं। इसके लिए भारत सरकार मदद करने, वित्तीय सहायता हो या फिर कंसल्टेंसी हो, वह उपलब्ध कराने तैयार है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार, राजेश कुमार शुक्ला, भीमसिंह कंवर सहित कार्यपालक निदेशक व मुख्य अभियंता तथा बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित थे।

# नवरात्रि से दीपावली तक गुलजार रहेंगे बाजार प्रदेशभर में होगा दस हजार करोड़ का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



नवरात्रि के प्रारंभ होते ही त्योहारी सीजन का आगाज हो गया है। छत्तीसगढ़ में नवरात्रि से लेकर दीपावली तक पूरे एक माह तक हर सेक्टर पर जमकर लक्ष्मी की कृपा बरसेगी और करीब एक माह में दस हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार होगा। सराफा और कपड़ा बाजार में जहां करीब तीन-तीन हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है, वहीं ऑटोमोबाइल सेक्टर में दो से ढाई हजार करोड़ का कारोबार होगा। रीयल एस्टेट में भी हजार करोड़ का कारोबार होगा। इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, फर्नीचर को मिलाकर 15 सौ करोड़ के आसपास कारोबार होने की संभावना है।

त्योहारी सीजन का सही मायने में प्रारंभ नवरात्रि से ही होता है। इसके बाद लगातार त्योहार रहते हैं। ऐसे में नवरात्रि से ही हर सेक्टर के बाजार में लोग खरीदारी करने निकलते हैं। नवरात्रि में तो वाहन, कपड़ों, सोने-चांदी से लेकर हर तरह की खरीदी को शुभ माना जाता है। ग्राहक नवरात्रि के पहले दिन से ही राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर के बाजारों में खरीदारी करने पहुंच रहे हैं।

- हर सेक्टर में बरसेगी लक्ष्मी की कृपा

## पांच लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य

# भाजपा के सदस्य बनाने अब भाजयुमो की रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के दूसरे चरण में अब भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा भाजपा के सदस्य बनाने पांचों संभाग में चार-चार स्थानों से रथयात्रा निकाली जा रही है। भाजयुमो ने पांच लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव ने जगदलपुर में रथ को भाजपा ध्वज दिखा कर रवाना किया।

भाजपा सदस्यता रथ गांव-गांव तक पहुंचेगा। कॉलेज, छात्रावास का भ्रमण कर अधिक से अधिक सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सतत कार्य कर रहा है, लोगों के बीच भाजपा सदस्यता को लेकर हर जगह भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने लैलूंगा में कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी और राधे श्याम के साथ सदस्यता अभियान के रथ को भाजपा का झंडा कर रवाना किया। दुर्ग में सांसद विजय बघेल विधायक ललित चंद्राकर एवं जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने युवा मोर्चा के सदस्यता रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाई। बिलासपुर में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, विधायक धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, जिला अध्यक्ष बिलासपुर रामदेव कुमावत भाजपा का झंडा दिखाकर रथ को रवाना किया। चिरमिरी में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, जिला अध्यक्ष अनिल केशरवानी, सहित भाजपा पदाधिकारी विभिन्न स्थानों में युवा मोर्चा की सदस्यता रथ यात्रा को भाजपा का झंडा दिखाकर रवाना किया।

राजधानी रायपुर में शनिवार शाम 4 बजे रथ यात्रा निकाली जाएगी। कैबिनेट मंत्री व रायपुर जिला प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम विधयक राजेश मूणत, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा , ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू , जिला अध्यक्ष जयंती पटेल आदि उपस्थित रहेंगे।

## तनाव मुक्ति के लिए कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुलिस परेड ग्राउंड पर शुक्रवार को एसएसपी डॉ. संतोष सिंह ने जनरल परेड की सलामी ली। परेड में अन्य पुलिस अफसरों के साथ सभी थानों के टीआई, पुलिसकर्मी शामिल हुए।

परेड निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने आठ अधिकारी कर्मचारियों को उनकी अच्छी वेशभूषा के लिए इनाम दिया। कुछ आरक्षकों के गणवेश गंदा पाये जाने से सजा दी गई। इस दौरान पुलिस के अधिकारी और जवानों ने शस्त्र ड्रिल, ट्रैफिक ड्रिल और अन्य अभ्यास किया। परेड के दौरान एसएसपी ने कई को इनाम और कुछ को सजा दी। पुलिस बल में अनुशासन बनाए रखने के लिए रक्षित केंद्र के परेड ग्राउंड पर जनरल परेड का आयोजन किया जाता है।

**तनाव मुक्त करने कार्यशाला**

परेड समाप्त होने के बाद पुलिसकर्मियों को तनाव मुक्त करने कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुनि सुधाकर ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा, मानसिक तनाव की समस्या वर्तमान युग की प्रमुख और जटिल समस्या है।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने की सुविधा दे रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने ग्राम गोपालपुर में एक आरोपी को उसके घर परछी में अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराते पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गोपालपुर का उमेश गुप्ता अपने घर-दुकान के परछी में लोगों को अवैध शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। पुलिस ने मामले में उमेश गुप्ता पिता रामस्वारथ गुप्ता (32 साल), निवासी ग्राम गोपालपुर के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### बाइक की ठोकर से छह साल का बच्चा घायल

महासमुंद। बसना थाना क्षेत्र के शिव मंदिर के सामने पदमपुर रोड के पास छह साल के बच्चे को बाइक चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मारकर घायल कर दिया। प्रार्थी विजय दास ने पुलिस को बताया कि 3 अक्टूबर की सुबह 10.30 बजे के आसपास मेरी मां जावा बाई मेंरे पुत्र उपेंद्र दास (6 साल) शिव मंदिर पदमपुर रोड बसना जा रहे थे। शिव मंदिर के पास जगदीशपुर रोड की ओर से आ रहे बाइक सीजी 06 जीयू 8163 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मेंरे पुत्र उपेंद्र दास को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने से बच्चे के दोनों पैर, दोनों हाथ एवं चेहरे में चोट लगी है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बेमचा में दुर्गा प्रतिमा विराजित

**महासमुंद।** क्वांर नवरात्र महोत्सव पर्व पर ग्राम बेमचा के एकता दुर्गा उत्सव समिति द्वारा गुड़ी चौक में दुर्गा प्रतिमा विराजित की गई है। यहां 12 ज्योत प्रज्ज्वलित है।

### संगठन महामंत्री का मनाया जन्मदिन

**महासमुंद।** आप के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। 4 अक्टूबर को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री पाठक का जन्मदिन महासमुंद के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मनाया।

### नशामुक्ति के लिए पैकिन में निकाली गई जागरुकता रैली

**सरायपाली।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के निर्देशनुसार नशा मुक्त भारत -एक पहल कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पैकिन के बालक बालिकाओं द्वारा नशा मुक्ति जागरुकता रैली गांव के मुख्य मार्गों से निकाली गई।

पेज 9 का शेष

### 100 निर्दोष लोगों...

इस तलाशी की बकायदा पुलिस टीम ने अपने मोबाइल से वीडियो भी बनाया। देर रात किसी के घर बलात घुसकर बिना सर्च वांरट के तलाशी लेना, घर परिवार महिलाओं और छोटे नाबालिग बच्चों का मोबाइल से वीडियो बनाने का अपराध इन पुलिस टीम द्वारा किया गया।

**प्रो.क्र. 1483 MACT. 51/2022**
**पेशी तारीख 21/10/2024**

**उपस्थिति हेतु समंस**
/ / धारा 166 मो.यान अधिनियम, 1988 //
**न्यायालय:– श्रीमान प्रथम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बलौदाबाजार छ.ग.**
**(पीठासीन अधिकारी श्री राकेश कुमार वर्मा)**

प्रति,
मनीष नायक पिता स्व. टेकराम नायक उम्र लगभग 22 वर्ष, नि.ग्रा. लटुवा तहसील व थाना बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

**लक्ष्मीकांत धृतलहरे बनाम नाबा. मुरलीमनोहर वगै. आवेदक लक्ष्मीकांत घृतहलरे पिता कल्याण घृतलहरे जाति सतनामी उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बलौदी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.।** आप अनावेदक के विरूद्ध MACT. 51/2022 धारा 166 मो. यान अधिनियम, 1988 का अपील वाद संस्थित किया है। **आप** इस न्यायालय में नियत तारीख 21/10/2024 के दावे के उत्तर देने के लिए उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया जाता है। इससे सम्बन्धित आम जनता न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो, जिसे तत्सम्बन्ध में अनुदेश दिये गये हों और इस दावे से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिये जा रहे हैं कि आप इन सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में हो, पेश करें। जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुराई दावा या दावा आधारित है यदि आप किसी अन्य दस्तोवेजों पर चाहे वह अपने कब्जे में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में हो विसरत करते हुए. आप ऐसे दस्तावेज का लिखित कथन के साथ उपलब्ध कराये जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि ऊपर वर्णित की गई पेशी तारीख **21/10/2024** को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे, तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**टीप:-** यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक **21/10/2024** को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है, अथवा किसी कारणवश कार्य स्थगित हो जाता है, तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

आज दिनांक 19/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय के मुद्रा लगाकर दिया गया।

**(राकेश कुमार वर्मा)**
**प्रथम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण**
**बलौदाबाजार (छ.ग.)**
मुहर

# पटरियों का मेंटेनेंस हुआ आसान, नागपुर से झारसुगुड़ा तक मेन लाइन की गति हुई 130 किमी. प्रतिघंटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेल हादसों से बचने नियमित रूप से पटरियों का मेंटनेंस जरूरी है। वर्तमान में रेलवे आधुनिक तकनीक से बनी मशीनों के जरिए पटरियों की जांच और मेंटनेंस का कार्य कर रहा है, जिससे समय की बचत के साथ कार्य तेजी किया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे लगभग 5465 ट्रैक किलोमीटर रेल लाइन के साथ प्रतिदिन औसत लगभग 400 से भी अधिक ट्रेनों का परिचालन करता है। इतनी बड़ी संख्या में रेल लाइनों पर गाड़ियों के परिचालन से निश्चित ही रेल लाइनों का समयानुसार आवश्यक मेंटेनेंस कार्य की आवश्यकता होती है। रेलवे प्रशासन का कहना है कि लोहे की दो पटरियों को समतल जगह पर गिट्टी पर बिछाकर रेल चलाना जितना सरल नहीं है। जोन के अंतर्गत रेल लाइनों का ट्रैक मशीनों द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के अप्रैल'2024 से सितंबर' 2024 के दौरान 06 महीनों में 104 किलोमीटर ट्रैक रिन्यूअल, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 49 किलोमीटर की तुलना में 112 प्रतिशत अधिक है।

खास खबर

**खास बातें**

- सुरक्षित यात्रा के लिए अब रेलवे ट्रैक का आधुनिक व उन्नत मशीनों से कर रहा रखरखाव
- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 75 ट्रैक मशीन, रेल लाइनों के अनुरक्षण के लिए हैं तैनात



### जोन को मिलेगी और 11 मशीन

ट्रैक मेंटेनेंस के दौरान 24 घंटे रेल कर्मचारी संरक्षित रेल परिचालन के लिए कार्य करता है। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने 75 ट्रैक मशीनों के साथ ट्रैक रखरखाव एवं अनुरक्षण के कार्य में मुस्तैदी के साथ कार्यरत है। ट्रैक मशीनों में मुख्यतः सीएसएम, ड्योमैटिक, एमपीटी, यूनिमेट, बीसीएम, एफ़आरएम, बीआरएम, पीक्यूआरएस, टी28 आदि शामिल हैं। इस वित्तीय वर्ष दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अलग-अलग तरह के 11 और मशीन भी शामिल होने वाली हैं। इन मशीनों के संचालन के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ट्रैक मशीन विभाग में 700 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं।

### पिछले वर्ष 40 प्रतिशत अधिक कार्य

रेलवे द्वारा जारी आंकडों के मुताबिक 133 किलोमीटर ट्रैक में गिट्टी की छनाई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 59 किलोमीटर की तुलना में 125 प्रतिशत अधिक है, 96 टर्नआउट का रिन्यूअल, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 44 टर्नआउट रिन्यूअल की तुलना में 118 प्रतिशत अधिक है तथा 3642 किलोमीटर प्लेन ट्रैक की टैंपिंग, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 2610 किलोमीटर की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक है, का कार्य किया गया है। रेल लाइनों के मेंटेनेंस से संबंधित ये सारी उपलब्धियां गाड़ियों के परिचालन के साथ बेहतर प्लानिंग एवं सामंजस्य के साथ हासिल की गई हैं। बता दें कि नागपुर से झारसुगुड़ा मेन लाइन की गति 130 किलोमीटर प्रति घंटे की जा चुकी है। ऐसे में इन सेक्शनों की गति में वृद्धि के साथ ही इस तरह की मशीनों की आवश्यकता तथा महत्ता और अधिक बढ़ गई है।

## चिकित्सा शिक्षा विभागों को सभी मेडिकल कालेजों ने उपलब्ध कराई सूची

# एनपीए पर सरकार सख्त, रायपुर में 134 डाक्टर ले रहे भत्ता, रायगढ़ में आठ प्राइवेट प्रेक्टिस पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नॉन प्रेक्टिस अलाउंस लेने के बाद भी निजी अस्पतालों में सेवा देने वाले डाक्टरों के खिलाफ सरकार सख्त है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्देश पर सभी मेडिकल कालेजों ने एनपीए लेने वाले चिकित्सकों की सूची उपलब्ध कराई है। रायपुर मे 134 डाक्टर यह भत्ता प्राप्त करते हैं और निजी अस्पतालों से दूर हैं। रायगढ़ में आठ प्राइवेट प्रेक्टिस में हैं, मगर उन्हें अलाउंस नहीं मिलता।

- कोरबा में एक, महासमुंद में 2 डाक्टरों का निजी प्रेक्टिस पर आवेदन लंबित



एनपीए के बदले निजी अस्पताल में सेवा देने के लिए कोरबा मेडिकल कालेज से एक तथा महासमुंद से 2 डाक्टरों ने आवेदन किया है, जो विचार के लिए विभागीय स्तर पर लंबित है। चिकित्सा शिक्षा विभाग को भेजी गई जानकारी के अनुसार रायपुर मेडिकल कालेज में 134 चिकित्सक जो विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं, उन्हें एनपीए का लाभ मिलता है। बिलासपुर मेडिकल कालेज में इनकी संख्या 108, जगदलपुर में 71, राजनांदगांव में 70, अंबिकापुर में 51, कांकेर 50, दुर्ग में 26 चिकित्सा शिक्षकों को इसका लाभ मिलता है। रायगढ़ में वैसे तो चिकित्सा शिक्षकों की संख्या 111 है, जिसमें आठ प्राइवेट प्रेक्टिस कर रहे हैं। कोरबा चिकित्सा महाविद्यालय में 65 में एकमात्र ने इस भत्ता को त्यागकर निजी अस्पताल में सेवा देने के लिए आवेदन किया है और महासमुंद में 60 में 2 के आवेदन विचाराधीन हैं। यह नियम शासकीय डेंटल कालेज में भी लागू किया गया था, वहां 21 चिकित्सक एनपीए लेते हैं और प्राइवेट प्रेक्टिस नहीं करते हैं।

# छत्तीसगढ़ के नए बजट प्रावधान में होगी 8 प्रतिशत की वृद्धि अपरीक्षित नवीन व्यय के प्रस्ताव शामिल होना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार का 2025-26 का बजट बनाने की तैयारी के बीच वित्त विभाग ने साफ किया है कि इस बार पिछले बजट के प्रावधान का अधिकतम 8 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए नए बजट के प्रस्ताव तैयार किए जाएं। खास बात ये है कि नए बजट में अपरीक्षित नवीन व्यय के रूप में प्रस्ताव यथासंभव शामिल नहीं किए जाएंगे। वित्त विभाग ने यह बात 2025-26 का बजट तैयार करने के सिलसिले में जारी निर्देश में कही है। राज्य सरकार के वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, और सचिवों को जारी निर्देश में कहा गया है कि नए बजट अनुमान बनाते समय किन बिंदुओं पर ध्यान देना है। निर्देश में कहा गया है कि बजट प्रस्ताव 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक महालेखाकार से प्राप्त वास्तविक व्यय के आंकड़े मदवार अंकित किए जाएं। यदि विभाग के विद्यमान बजट में प्रस्ताव आवश्यक उद्देश्य या विस्तृत शीर्ष की आवश्यकता हो तो पुनरीक्षित अनुमान के प्रस्ताव में आवश्यक रूप से शामिल करें। महालेखाकार के हवाले से इस निर्देश में यह भी कहा गया है कि सभी योजनाओं का वर्गीकरण नियंत्रक एवं महालेखाकार द्वारा निर्धारित अपडेट लेखा शीर्षों में ही किया जाए।

### बजट में ये शामिल नहीं होगा

वित्त विभाग के निर्देश में कहा गया है कि अपरीक्षित नवीन व्यय के रूप में प्रस्ताव यथासंभव बजट में शामिल नहीं किया जाएगा। बजट प्रस्तावों के साथ योजना का संक्षिप्त विवरण स्पष्टीकरण टीप के रूप में दिया जाए। जिसमें योजना के स्वरूप तथा उद्धेश्य का उल्लेख हो। योजनाओं की वित्त पोषण व्यवस्था जैसे भारत सरकार, वित्तीय संस्थाएं, विदेशी सहायता, राज्य शासन आदि के संबंध में टीप दिया जाना चाहिए। जिसमें केंद्र या एजेंसी का अंश व राज्यांश का स्पष्ट उल्लेख हो।

### सेस पर ये है निर्देश

राज्य शासन द्वारा लगाए गए विभिन्न उपकर(सेस) की आय से निर्मित विकास एवं कल्याण निधियों जैसे ग्रामीण विकास निधि, शाला विकास निधि, उर्जा विकास निधि, केंद्रीय सड़क निधि, आदि से ट्रांसफर होकर आई राशि के लिए विभिन्न विभाग के बजट में योजनाओं पर व्यय करने के लिए प्रावधान दर्शाया जाता है उनके लिए वही सेगमेंट दर्शाया जाए जो पहले से तय है। किसी भी संस्था स्वायत्त निकायों को दिए जाने वाले अनुदान की राशि एवं संस्था का उल्लेख स्पष्ट रूप से किया जाए। यह भी साफ किया जाए कि संस्था- निकाय को दिया जाने वाले अनुदान आवर्ती है या अनावर्ती एवं किन प्रयोजनों पर खर्च किया जाना है।

# जलजीवन मिशन के 12 समूहों के ठेकेदारों के अनुभव प्रमाणपत्र में गड़बड़ी, ठेका होगा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## समीक्षा बैठक में उपमुख्यमंत्री साव ने दिए निर्देश

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत चल रहे जलजीवन मिशन के 12 समूहों के ठेकेदारों के अनुभव प्रमाणपत्र में गड़बड़ी पाई गई है। इन सभी को मिले ठेके निरस्त करने और उनके लिए कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने शुक्रवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इसी समीक्षा बैठक में श्री साव ने ठेकेदारों के अनुभव प्रमाणपत्र के मामले में निर्देश दिए हैं। समीक्षा बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक और जल जीवन मिशन के संचालक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने क्रेडा द्वारा स्थापित किए जा रहे सोलर पंपों के मापदण्डों का क्रेडा के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए चयनित तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेंसी के कार्यों को अलग से मॉनिटर करने को कहा। इन एजेंसीज द्वारा अच्छा कार्य करने से कार्यों की गुणवत्ता में निश्चित ही सुधार आएगा।



### जहां काम पूरे वहां जल उत्सव

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने जल जीवन मिशन के कार्य जहां पूर्ण हो चुके हैं, वहां योजना के प्रचार-प्रसार के साथ जल उत्सव का आयोजन करने को कहा। इससे अन्य गांव भी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने विभाग के मैदानी अमले को लगातार कार्यस्थलों का भ्रमण कर कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करने सभी अधिकारियों को फील्ड में निरंतर सक्रिय रहने को कहा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने विभागीय कार्यों की भौतिक और वित्तीय प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन की नल जल योजनाओं में भू-जल स्त्रोतों की उपलब्धता सुनिश्चित करने विभागीय मशीनों के साथ ही जल जीवन मिशन के कार्यों में लगी मशीनों के लिए आगामी 15 नवम्बर तक की कार्ययोजना तैयार की गई है।

# कांग्रेस की न्याय यात्रा आम जनता के जख्मों पर मरहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजीव भवन में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कांग्रेस की न्याय यात्रा को जनता के जख्मों पर मरहम बताया। दीपक बैज ने कहा, हमारी यात्रा का मकसद सोई हुई सरकार को जगाने का था। किस तरह से 9 से 10 महीने की सरकार पूरी तरह से छत्तीसगढ़ की जनता को सुरक्षित करने में विफल हुई। लगातार छत्तीसगढ़ में घटनायें घट रही हैं। अपराध बढ़ रहे हैं। अपराधियों का हौसला चरम पर है।

श्री बैज ने कहा, पूरे प्रदेश में जनता के मन में डर और भय का माहौल बना हुआ है। प्रदेश की जनता दहशत में है। सरकार पर से जनता का भरोसा उठ चुका है। 10 महीने की भाजपा की सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता का भरोसा तोड़ दिया है। 6 दिन की यात्रा में हम जनता से मिले, उनसे चर्चा भी की। कई लोगों के चेहरे पर डर भय दिखा। कई लोगों के चेहरे पर सरकार के खिलाफ नाराजगी और आक्रोश दिखाई दिया। कई लोगों के चेहरे पर इस न्याय यात्रा में खुशी भी दिखाई दी। छत्तीसगढ़ की जनता के न्याय के लिए तपती धूप, गर्मी, बरसात में भी हमारा कारवां नहीं रुका, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का हौसला कम नहीं हुआ। बढ़ते अपराध के खिलाफ में जो इस न्याय यात्रा का मकसद था सरकार के नाकामी के खिलाफ में जनता तक पहुंचाने में हम सफल रहे। हमारी न्याय यात्रा से सरकार घबराई हुई थी, डर हुई थी, सहमी हुई थी। ये भी साफ-साफ दिख रहा था। इस तरह से हमारा न्याय यात्रा का समापन नहीं हुआ है और न अंत हुआ है। न्याय यात्रा अभी शुभारंभ हुआ, अभी आगाज हुआ है, अभी अंजाम तक पहुंचाना बाकी है। इस न्याय यात्रा का अभी विराम हुआ है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, यह बहुत ही सफल यात्रा साबित हुई है। भाजपा की सरकार के असफल हो जाने से यह परिस्थिति निर्मित हुई। हमारा प्रयास है कि छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में इस यात्रा को शुरू करेंगे।




### प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, हम ने पदयात्रा मिलकर पूरी की। हम सभी की सुरक्षा का मामला है। यह सुरक्षा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा की गई। प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है। अपराधी बेलगाम हो गए हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा, छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में सबने मिलकर जनता और आप लोगों तक सच्चाई को पहुंचाया। पत्रकार वार्ता के दौरान जैसे ही खबर आई की वरिष्ठ पत्रकार नितिन चौबे का दुःखद निधन हो गया है, कांग्रेस नेताओं और पत्रकार साथियों ने मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बिरकोनी में कनाडा और फीनिक्स के श्रद्धालुओं ने भी जलवाए ज्योत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्रि का शुभारंभ गुरुवार को घट स्थापना व मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने के साथ प्रारंभ हो गया। मंदिरों में भक्तों ने मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित कराई है जिनमें देश से बाहर रहने वाले भारतीय मूल के लोग भी शामिल रहें। इन दिनों शक्तिपीठों सहित सार्वजनिक दुर्गा पंडालों में हर शाम से ही मृदंग के थापों के साथ माता सेवा (जसगीत) के गायन से शहर सहित अंचल मां दुर्गा की भक्ति में लीन हो गया है। बता दें कि जिले के सभी देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ ही मनोकामना ज्योत जलाई गई है। जानकारी के अनुसार कुलदेवी मां महामाया मंदिर में इस साल 2284 ज्योत प्रज्ज्वलित कराई गई है। इसी तरह मां शीतला मंदिर में 154, मां दुर्गा मंदिर बरोंडा चौक में 351, मां शारदा मंदिर तुमगांव रोड में 165, मां रामेश्वरी मंदिर स्टेशन रोड में 291 ज्योत प्रज्ज्वलित कराई गई है। इसी तरह अंचल के अधिकांश मंदिरों में मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है। श्रद्धालुओं ने नौ दिनों का उपवास शुरू कर दिया है। जगह-जगह देवी भागवत, माता सेवा गीत, कीर्तन, भजन आदि चल रहे हैं।

### बिरकोनी चंडी मंदिर में अमेरिका, कनाडा निवासी ने जलवाया ज्योत

जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी में प्रसिद्ध मां चंडी मंदिर में इस साल 1863 सामान्य ज्योत, 150 आरक्षित ज्योत और 50 आजीवन ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है। पदाधिकारियों ने बताया कि इस साल विदेश में रह रहे भारतीय मूल निवासियों ने भी मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित कराई है। इनमें फीनिक्स निवासी श्रीमती बेला पति अशोक वर्मा, श्रीमती प्रणीशा पति आकाश वर्मा और कनाडा निवासी ईरा राव पिता रोहित राव शामिल हैं।

### चिकित्सालय में तोड़फोड़ आरोपी के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** स्थानीय जिला चिकित्सालय एक व्यक्ति द्वारा तोड़फोड़, हंगामा कर अस्पताल स्टाफ से अभ्रदता किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिटी कोतवाली में किए शिकायत में प्रार्थी व अस्पताल में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 प्रणय खरे बताया शुक्रवार की दोपहर 3:30 बजे देवेंद्र राजपूत पिता देवसिंग राजपूत ग्राम बरोंडा बाजार अपने नवजात पुत्र उम्र 1 दिवस को जैन नर्सिंग होम महासमुंद से लेकर आया। जिसका परीक्षण नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई, स्थानीय चिकित्सालय में ड्यूटी में कार्यरत चिकित्सक डॉ निधि शर्मा द्वारा किया गया तथा ओपीडी पर्ची में चिकित्सक के मरीज का परीक्षण अनुसार नवजात शिशु मृत अवस्था में चिकित्सालय में लाया गया था।

### पिकअप वाहन की ठोकर से बाइक सवार घायल

**महासमुंद।** बागबाहरा से ग्राम कसेकेरा रोड भुंजिया पारा, बकमा के पास पिकअप वाहन की ठोकर से बाइक सवार के घायल एवं बाइक क्षतिग्रस्त होने के मामने में बागबाहरा थाना में शिकायत दर्ज कराई गया है। पुलिस को प्रार्थी खोमन लाल साहू पिता जीवराखन साहू ग्राम टोंगोपाली का निवासी ने बताया कि 29 सितंबर को मेंरे पिता जीवराखन साहू घर के काम से मोटर सायकल से बागबाहरा गए थे। बागबाहरा से रिश्तेदार चंद्रा साहू के साथ वापस टोंगोपाली जा रहे थे, जैसे ही बकमा के आगे भुंजिया पारा के पास पहुंचे थे कि टोंगोपाली की ओर से आ रहे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-04-एलके -3851 के चालक द्वारा मेंरे पिता के मोटर सायकल को ठोकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेंरे पिता के चोट आई तथा मोटर सायकल भी क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने मामले की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल में विराजीं मां दुर्गा


जय महामाई दुर्गोत्सव बस स्टैण्ड–बंगोली


आदर्श दुर्गोत्सव भाटापारा–बंगोली


.बाल बजरंग दुर्गोत्सव बजरंग चौक– बंगोली


.नवोदय दुर्गोत्सव बाजार चौक –बंगोली

## खबर संक्षेप

### पति-पत्नी को चाकू से वार कर किया घायल

**महासमुंद।** पति-पत्नी के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल करने के मामले में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि बसना के गुप्ता होटल के पास वार्ड नं 04 बसना निवासी संतोष चौलिक गुप्ता होटल में काम करता है। 4 अक्टूबर की सुबह करीब 7:10 बजे संतोष की पत्नी रेशमा चौलिक बच्चों को कन्या शाला स्कूल पढ़ने के लिए छोड़ने जा रही थी, उसे तभी गुप्ता होटल में सागर गुप्ता मिला, जिसे रेशमा ने कहा कि मेरे पति से आप बेवजह झगड़ा विवाद क्यों करते हो। इस पर आरोपी सागर गुप्ता तुम कौन होती हो मुझे समझाने वाली कहकर गंदी-गंदी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए बाल को खींचकर मारने लगा व अपने पास रखे चाकू से पीठ पर हमला कर दिया। इसी दौरान प्रार्थी संतोष जब अपनी पत्नी को बचाने के लिए गया, आरोपी सागर गुप्ता ने उसे भी गाली गलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### जीएनएम कॉलेज में हुई चित्र लेखन प्रतियोगिता

**महासमुंद।** शासकीय जीएनएम कालेज में मद्यपान निषेध दिवस पर चित्रलेखन प्रतियोगिता हुई। इसमें 35 छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जीएन एम कालेज के प्राचार्य संधना रामटेके, डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी, मेधा ताम्रकार साइकोलाजी काउंसिलर तम्बाकू नियंत्रण, रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

### छोटे टेमरी स्कूल में न्योता भोज हुआ

**बसना।** शासकीय प्राथमिक शाला छोटेटेमरी में प्रधान पाठक गफ्फार खान द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। भोज में केला, मिक्चर, बिस्किट, मीठा दिया गया। सभी बच्चे प्रफुल्लित होकर नेवता भोज का आनंद लिए। प्रधान पाठक गफ्फार खान ने नेवता भोज के बारे में बताया कि कोई भी आमजन, संगठन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्था, व्यापारिक और सभी वर्गो के लोग न्योता भोजन में सहभागी बन सकते है। इस मौके पर अध्यक्ष वीरेंद्र साव, उपाध्यक्ष सुनीता साहू, सुरेश साव, गोकुल जगत, धोबा प्रधानरसोइया खैरून हुसैन आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### जगरबाई वर्मा



**बलौदाबाजार।** रिसदा निवासी जगरबाई वर्मा का निधन 05 अक्टूबर शनिवार को हो गया है।उनका अंतिम संस्कार रिसदा मुक्तधाम में किया गया। वे बालाराम वर्मा की पत्नी, एवं जगन्नाथ वर्मा, बद्री वर्मा की माँ थीं।




## पर्व : प्रदेशभर के श्रद्धालु माता का दर्शन करने पहुंच रहे

# मां डोंगर देवी मंदिर में 681 मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

जिला बलौदाबाजार के विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम मलपुरी गिधपुरी के मां डोंगर देवी मंदिर में पं. शेखराम शर्मा द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर मनोकामना दीप प्रज्वलित की गई।यहां 681 ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है। माता डोंगर देवी का मंदिर महानदी के तट पर विराजमान हैं, यहां प्रदेशभर के श्रद्धालु माता का दर्शन करने पहुंचते हैं। मां का मंदिर लाइट डेकोरेशन एवं रंगोली इत्यादि से सजाया गया है। यहां सुबह शाम माता की सेवा करने छोटे–छोटे बच्चे, बुजूर्ग भाग लेकर माता का कीर्तन भजन में लगे है। यहां समिति द्वारा भोजनालय एवं स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई है। मां के मंदिर में पहले ही दिन से भीड़ लगने लगी है। सेवादार द्वारा मनोकामना ज्योति को दर्शनार्थियों को क्रमशः दर्शन कराया जा र हा है, जिसमें ईश्वर दास वैष्णव, पवन चंद्राकर, नोहर गिरी, सेवाराम निषाद, आनंदपाल, ओम प्रकाश पटेल, मोहन साहू, लोकश्वर ध्रुव, जयप्रकाश पुजारी, ज्ञान सिंह ध्रुव, चिंताराम निषाद, रिखी राम ध्रुव, भूपेंद्र नायक, सितु साहू आदि द्वारा सेवाभाव से माता दरबार में प्रतिदिन सेवा करने उपस्थित हैं।




भाटापारा। मध्यनगरी चौक दुर्गात्सव समिति भाटापारा मोपका



### सशिमं में 251 कन्यायों का किया गया पूजन

**खरोरा।** सरस्वती शिशु मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शारदीय नवरात्रि पर्व पर विद्यालय में 251 कन्यायों का कन्या पूजन किया गया। विद्यालय के कन्या भारती, शिशु भारती, बालिका शिक्षा दीदियों द्वारा कन्या भोज व बाल भारती कार्यक्रम के तहत जसगीत प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। कार्यक्रम प्राचार्य अशवनी पाटकर मार्गदर्शन में दीदियों द्वारा शिशु कक्षा अरुण से चतुर्थ तक के 151 बालिकाओं की पूजा अर्चना की गई। विदित हो कि कन्या, मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती की रूप होती है। इस तरह कन्यायों का पूजन किया गया। इसके बाद श्रृंगार सामग्री देकर कन्या भोजन कराया गया। कार्यक्रम में अंबिका बंछोर, कृष्णा अग्रवाल, सुरुचि अग्रवाल, रंजीता गुप्ता, डिंपल मानिकपुरी का सहयोग रहा।



### देवालयों में जसगीत की धूम

**संडी बंगला।** शारदीय नवरात्रि की धूम ग्रामीण अंचल में भी है। जगह–जगह पंडालों में स्थापित आदि शक्ति और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का रेला लगा रहता है। सुबह आरती के बाद से ही दर्शन–पूजन का दौर शुरू होता है, जो देर रात तक चलते रहता है। इसके साथ ही देवी मंदिरों और पंडालों में जसगीत से माहौल धर्ममय हो गया है। पलारी विकासखण्ड के ग्राम जर्वे में श्री छेरछेरा समिति सुभाष पारा में इस वर्ष भी क्वांर नवरात्रि पर 51 दुर्गा प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी है। भव्य पंडाल में सजे माता रानी के 51 रूप के साथ झाकियां सजी है। 36 ज्योति कलश की स्थापना की गई है। समिति के सदस्य नेतराम साहू और बेनीराम साहू ने बताया कि पंचमी विशेष कार्यक्रम खीर प्रसादी व जस जगराता का कार्यक्रम, सप्तमी विशेष कार्यक्रम में पूरी, छोले का महाप्रसाद, अष्टमी व नवमी विशेष कार्यक्रम में महाभण्डारा व रात्रि में लोक कला मंच लोक बयार आरंग गंगा साहू का कार्यक्रम होगा।

### मां महाकाली मंदिर में हुआ माताजी की मूर्ति का अभिषेक

**बलौदाबाजार।** मां महाकाली मंदिर रिसदा रोड बलौदा बाजार में माताजी के मूर्ति का अभिषेक पूजन किया गया, जिसमें समिति के भुवन लाल जायसवाल, तिलक राम कन्नौज, ताराचंद कन्नौज, सुरेश कनौज, गंगा प्रसाद वर्मा, काशीराम साहू, गोलू फेकर, शशिकांत जायसवाल, सुनीता जायसवाल, मिथिला कन्नौज, पूजा नामदेव, मुन्नी जायसवाल, कुमारी हिमांशु वर्मा, कुमारी गरिमा पटेल के साथ काली नगर निवासी माता के श्रद्धालु भारी संख्या में उपस्थित थे।



## बिजनेस साइट

# चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल का शुभारंभ कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

नगर में संचालित सुपरस्पेसिलिटी अस्पताल चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल अब अत्याधुनिक मशीनों विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं तथा सर्व सुविधायुक्त 180 बिस्तरीय मल्टीस्पेशयलिटी हॉस्पिटल के रूप में चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने जा रहा है। नई सुविधाओं वाले इस कार्डियक सेंटर का शुभारंभ 7 अक्टूबर सोमवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित होगा। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल,



बलौदाबाजार विधायक एवं राजस्व खेलकूद युवा कल्याण एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा, विधायकगण अमर अग्रवाल, संदीप साहू, इंद्र साव के अलावा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित जिला के प्रमुख जनप्रतिनिधिगण शामिल होंगे। हॉस्पिटल के संचालक एवं प्रसिद्ध लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. नितिन तिवारी ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया है कि अब मरीजों को बलौदाबाजार में ही हृदय रोग, कैथ लेब एंजियोप्लास्टी, एंजियोग्राफी, मस्तिष्क रोग, केन्सर कीमो थेरेपी जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज हेपा फिल्टर युक्त मॉड्यूलर आईसीयू एनआईसीयू ऑपरेशन थियेटर, डायलिसिस, आईवीएफ, एमआरआई जैसी सुविधाएं सरलता से उपलब्ध होगी। साथ ही मरीजों को शासन द्वारा एवं विभिन्न बीमा कंपनियों द्वारा दी जाने वाली चिकित्सकीय लाभ प्रदान किया जायेगा।

> ■ अस्पताल में अत्याधुनिक मशीनों से होगी सभी तरह की जांच एवं उपचार

### सेवानिवृत सरस्वती बाई को बैंक प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई



**भवानीपुर।** विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत गिधपुरी के सेंट्रल बैंक गिधपुरी में कार्यरत सरस्वती बाई यादव को उनकी सेवा अवधि पूर्ण होने पर कर्मचारियों द्वारा विदाई दी गई। कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण बैंक के कर्मचारी, पंचायत प्रतिनिधि सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। श्यामू यादव ने बताया कि सरस्वती भाई यादव पिछले 32 वर्षों से बैंक की सेवा में थी, जो अब स्वयं अपने इच्छा से बैंक विदाई ली है। विदाई समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। तत्पश्चात कीर्तन मंडली के साथ सरस्वती बाई यादव को विदाई दी गई। इस अवसर पर सरपंच नोहर महराज, डॉ. नवरंगे, नंदलाल वर्मा, चोखे लाल, जित्तू पूर्णवे, लाकेसवर महराज, फूल दास डहरिया, शिव वर्मा, कुंज, मुनेश ध्रुव, प्रमोद चंद्राकर, तिलक लहरी, तोशान शर्मा, आशीष ठाकुर, श्यामू यादव, जीतू साहू, गोरे यादव आदि मौजूद थे।

# दुनिया की वस्तु धोखा देती है पर परमात्मा और भक्ति नहीं

**भाटापारा।** मानव उत्थान सेवा समिति शाखा के तत्वावधान में एक दिवसीय सद्भावना सत्संग समारोह का आयोजन नगर में किया गया। इसमें सदगुरुदेव सतपाल महाराज की शिष्या महात्मा दीप्ति बाई व महात्मा विलक्षणा बाई उपस्थित रहीं। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।सुमधुर भजनों के बाद सत्संग प्रवचन प्रारम्भ हुआ। महात्मा विलक्षणा बाई ने अपने सत्संग प्रवचन में कहा कि दुनिया की सभी वस्तु धोखा दे सकती है, परंतु भक्ति और परमात्मा कभी भी धोखा नहीं दे सकते। इसलिए हमें निरन्तर प्रभु के भक्ति में लीन रहना चाहिए। परमात्मा को जानने के लिए हमें समय के तत्वदर्शी सदगुरू के पास जाना चाहिए। दीप्ति बाई ने कहा कि परम पिता परमात्मा से हमें प्रेम करना चाहिए। भगवान



से प्रेम करना है तो उसे सबसे पहले जानना जरूरी है।जानने के लिए सद्गुरु के शरण में जाने से ही हम भगवान को जान सकते हैं। सत्संग ही सार है।कार्यक्रम को सफल बनाने में केपी साहू, शिव कुमार साव, शंकर वर्मा, मूलचन्द कौशल, राजेन्द्र साहू, सुकालू ध्रुव, सीता राम साहू, नोहर साहू, प्रमोद वर्मा, भूषण वर्मा, अहिल्या साहू, इंदु ठाकुर, भुनेश्वरी वर्मा, सावित्री वर्मा, भारती साहू, पूर्णिमा कौशल का सराहनीय योगदान रहा।

## महाराष्ट्र की 3 विधानसभा सीटों की समीक्षा की

# डॉ. डहरिया ने भंडारा कांग्रेस की ली संगठनात्मक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

आरंग विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ. शिवकुमार डहरिया ने महाराष्ट्र के जिला भंडारा में आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक में शामिल हुए और महाराष्ट्र की 3 विधानसभा सीटों की समीक्षा की।

विदित हो की डॉ. डहरिया को शीर्ष नेतृत्व द्वारा आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भंडारा–गोंदिया लोकसभा क्षेत्र में आब्जर्वर की जिम्मेदारी मिली है। बैठक में लोकसभा के समन्वयक राजूभाऊ पालीवालजी, भंडारा–गोंदिया सांसद डॉ. प्रशांत यादोराव पडोले,



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन पंचभाई, पूर्व विधायक अनिल बावनकर, जिला पंचायत के अध्यक्ष गंगाधर जिभकाटे, प्रदेश संघटन महासचिव जिया पटेल, जिला उपाध्यक्ष सफी लद्दानी, जिला महिला अध्यक्ष जयश्री बोरकर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष पवन वंजारी, पूर्व अध्यक्ष प्रेमसागर गणवीर, जिला पंचायत सभापती रमेश पारधी, स्वाती वाघाये, प्रशांत देशकर, सहित कांग्रेस पार्टी के सभी ब्लॉक ओर शहर अध्यक्ष ओर कार्यकर्ता उपस्थित थे। पदाधिकारियों ने आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के संदर्भ में कांग्रेस की रणनीति और संगठन को और सुदृढ़ बनाने व पार्टी की विचारधारा से अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जोड़ने पर चर्चा की। साथ ही बूथ स्तर पर कार्य योजना की रूपरेखा पर विचार–विमर्श किया गया। चुनावों में कांग्रेस के प्रदर्शन को बेहतर करने और गठबंधन की जीत का संकल्प भी लिया।

